A

609

वार्षिक मूल्यांकन 2017-18

कक्षा-6 | **हिंदी** | समयः 2 घंटे

सामान्य निर्देश-
- ❖ पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- ❖ प्रश्न-पत्र ध्यान से पढ़ें।
- ❖ छह गतिविधियों में से किन्हीं **पाँच** का उत्तर लिखें।

गतिविधि-1

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर लिखें।

बारी बारी ऋतुएँ आतीं,
अपनी छटा यहाँ दिखलाती।
फल-फूलों से भरे बगीचे,
चिड़ियाँ मीठे गीत सुनातीं।
देश मेरा यह सबसे न्यारा,
कितना सुंदर, कितना प्यारा।

(छटा - शोभा
न्यारा - अलग)

क) यह आशय वाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें।

- 'समय-समय पर ऋतुएँ आती हैं और अपनी शोभा दिखलाती हैं।'

ख) कवितांश का **आशय** लिखें।

ग) कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें।

गतिविधि-2

सूचनाः 'नन्हा उल्लू' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

"तुम कितनी बार गले लगाओगी मुझे?"
नन्हे उल्लू ने पूछा।
"बहुत बार" अम्मा ने फिर उसे गले से लगा लिया।
"कितनी बार?" नन्हे उल्लू ने ऊँघते हुए पूछा।
"जितनी लहरें हैं समुद्र में, जितने तारे हैं आसमान में, उतनी बार"

क) कहानी के इस अंश के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- अम्मा उल्लू नन्हे उल्लू को प्यार करती है।
- अम्मा उल्लू नन्हे उल्लू को प्यार नहीं करती है।
- अम्मा उल्लू नन्हे उल्लू से घृणा करती है।
- अम्मा उल्लू नन्हे उल्लू पर दया करती है।

ख) 'नन्हा उल्लू' कहानी पर अपना विचार प्रकट करते हुए 'तेज़ी ग्रोवर' के नाम **पत्र** लिखें ।

(पता : तेजी ग्रोवर, पत्तानकोट, पंजाब)।

गतिविधि-3

सूचना: 'मार्च' लेख का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> मार्च के दिनों हाथों में किताब और आँखों में नींदें रहा करती थी। दो पन्ने पलटते ही नींद के हाथ आकर आँखों पर पलकें खींच जाते। उन दिनों अकसर ये सोचते कि काश आँखें बंद किए पढ़ाई हो पाती।

क) 'दो पन्ने पलटते ही नींद के हाथ आकर आँखों पर पलकें खींच जाते।' इसका मतलब क्या है?

- ❖ किताब पढ़ना शुरू करते ही नींद आ जाती है।
- ❖ किताब पढ़ना शुरू करते ही नींद भाग जाती है।
- ❖ किताब पढ़ने से पहले ही नींद आ जाती है।
- ❖ किताब पढ़ने के बाद नींद भाग जाती है।

ख) परीक्षा के दिनों के अपने अनुभवों को **टिप्पणी** के रूप में लिखें।

गतिविधि-4

सूचना : 'ज़मीं को जादू आता है' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> ये मेरे बाग की मिट्टी को कुछ तो है।
> ये जादुई ज़मीं है क्या?
> ज़मीं को जादू आता है।
> अगर अमरूद बीजूँ मैं, तो ये अमरूद देती है,
> अगर जामुन की गुठली डालूँ, तो जामुन देती है,
> करेला तो करेला... नींबू तो नींबू!
>
> -गुलज़ार

क) सही उत्तर चुनकर लिखें।

कवि के अनुसार ज़मीं-

(जादुई है, सरल है, घमंडी है, नाकाम है)

ख) कवितांश की **आस्वादन टिप्पणी** लिखें।

गतिविधि-5

सूचना : यह गद्यांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

गाँव के सारे पशु-पक्षी मियाणी नदी पर पानी पीते थे। गाँव के लोग अपने पानी संबंधी सारे काम उसी नदी से निभाते थे। बच्चे अकसर पानी में नहाते-खेलते थे। लेकिन धीरे-धीरे नदी में पानी कम और मलिन होने लगा।

क) गाँव के लोग पानी के लिए कौन-सी नदी का आश्रय लेते थे?

ख) 'नदी को बचाओ, जीवन को बचाओ' विषय पर एक **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि-6

सूचना : बिंदुओं की सहायता से 'बारिश का मौसम' पर विवरण तैयार करें और शीर्षक दें।